दिनांकः 19.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई को मशीन केन्द्रित से मानव केन्द्रित बनाने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की एआई आधारित दुनिया में भारत मानवता की कड़ी बनेगा। श्री मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के औपचारिक उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट का उद्देश्य **सर्वजन हिताय–सर्वजन सुखाय** है। श्री मोदी ने इस अवसर पर एआई के लिए मानव विजन भी प्रस्तुत किया।

....

शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार एआई स्टैक के सभी 5 स्तरों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कंप्यूटिंग को जनहित में मानती है। उद्घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मेक्रो और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने भी सम्बोधित किया। उद्घाटन समारोह के बाद विश्व नेताओं नेएआई इम्पैक्ट एक्सपो का दौरा किया। आज होने वाले पूर्ण सत्र में राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री और बहुपक्षीय संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ मिलकर एआई से संबंधित राष्ट्रीय और वैश्विक प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री श्री मोदी शाम को मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे।

000

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आज देशभर में श्रद्धाभाव के साथ मनाई जा रही है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने शिवाजी को स्वराज का निर्माता, धर्म का रक्षक, निडर योद्धा और जन–केंद्रित शासन का योद्धा बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की न्याय तथा आत्मसम्मान की भावना समाज को मजबूत करती रहेगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिवाजी की जयंती पर लोकभवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सभी से शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में शिवाजी महाराज को श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

000

वायु सेना का सूर्यकिरण और सारंग एरोबेटिक शो कल और 22 फरवरी को जयपुर के जलमहल की पाल पर आयोजित किया जाएगा। इस शो में सूर्यकिरण डिसप्ले टीम के विमान और सारंग डिस्पले टीम के हेलिकॉप्टर्स हिस्सा लेंगे। इस दौरान ट्राई कलर स्मोक का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इन रोमांचकारी हवाई प्रदर्शनों से आम जनता को रूबरू कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। लगभग 50 हजार दर्शक क्षमता के लिए जल महल की पाल पर व्यवस्था की गई है।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से लोक रंगों का उत्सव ''लोक कला संगम 2026'' शुरू होगा। पर्यटन विभाग की ओर से हो रहे इस आयोजन में प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। तीन दिन का ये उत्सव 22 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान ढूंढाड़, शेखावाटी और ब्रज क्षेत्र के 400 से अधिक लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देगें। इनमें बम रसिया, चकरी नृत्य, लांगुरिया, भपंग वादन, कठपुतली, चंग धमाल, भवाई, तेरहताली और जयपुर का तमाशा शामिल हैं। साथ ही

विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श के सत्र भी आयोजित किये जायेगें और हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

000

राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल ने प्रदेश के सभी पुस्तक विक्रेताओं को केवल अधिकृत पुस्तकों की ही खरीद–फरोख्त करने के निर्देश दिए हैं। मण्डल ने स्पष्ट किया है कि बाजार में केवल आरएसबीटी वॉटरमार्क वाली मूल पुस्तकों का ही व्यापार किया जाना चाहिए। नकली या कॉपीराइट वाली डुप्लीकेट पुस्तकों की बिक्री और खरीद पूरी तरह अवैध है। मण्डल ने विक्रेताओं को ऐसी पुस्तकों का भंडारण न करने की हिदायत दी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मण्डल द्वारा विशेष अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

000